आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

- गृह मंत्री अमित शाह ने 31 दिसम्बर 2029 तक भारत को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य रखा।

- राजधानी श्री विजयपुरम में पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस महानिदेशक ने शहीद पुलिस कर्मियों के साहस और कर्तव्यनिष्ठा को किया नमन।
- निकोबारी जनजातीय चिकित्सा परंपराओं के संरक्षण की पहल, 11 गांवों के 200 लोगों ने कौशल विकास कार्यक्रम में लिया भाग।
- उत्तर एवं मध्य अंडमान के युवा खिलाड़ियों के लिए अवसर। कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग के चयन ट्रायल 26 अक्टूबर तक चलेंगे।

<><><><><><><><>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नशीले पदार्थों की समस्या से निपटने के लिए बड़े अभियान की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वर्ष 2026 के शेष समय सहित अगले साढ़े तीन वर्षों, 2027, 2028 और 2029 में देशभर में नशीले पदार्थों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने का फैसला किया है। इस अभियान का लक्ष्य 31 दिसंबर 2029 तक देश को नशा–मुक्त बनाना है। गृह मंत्री ने कहा कि नशीले पदार्थों की समस्या हमारी आने वाली पीढ़ियों को खोखला कर रही है और देश–विरोधी गतिविधियों में शामिल संगठनों को आर्थिक मदद पहुंचा रही है। उन्होंने पुलिस बलों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित रोडमैप का पालन करते हुए नशीले पदार्थों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

<><><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम स्थित पुलिस लाइन में आज पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अंडमान निकोबार द्वीप समूह के पुलिस महानिदेशक रविन्द्र सिंह यादव ने कर्तव्य पालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को याद किया। पुलिस स्मृति दिवस उन वीर पुलिसकर्मियों के बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। यह दिन पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य को ईमानदारी, अनुशासन और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने पुलिसकर्मियों के त्याग और समर्पण को सम्मान देने के साथ–साथ जनता की सुरक्षा, कानून–व्यवस्था बनाए रखने और समाज के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के महत्व का भी उल्लेख किया।

पुलिस स्मृति दिवस वर्ष उन्नीस सौ उनसठ में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में चीनी सैनिकों के हमले में शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवानों की स्मृति में मनाया जाता है।

<><><><><><><><>

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप आपदा जोखिम प्रबंधन और वित्तीय सुरक्षा के लिए बीमा कवरेज बढ़ाने पर जोर दिया है। इसके तहत वित्तीय सेवा विभाग के परामर्श से विभिन्न आपदा जोखिमों को कवर करने वाले उपलब्ध बीमा उत्पादों की सूची तैयार की गई है। अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह की भूकंप, सुनामी, चक्रवात और भारी बारिश जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए, आपदा प्रबंधन निदेशालय ने लोगों, परिवारों, दुकानदारों, लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा बड़े उद्योगों से अपनी बीमा योजनाओं पर विचार करने की अपील की है। पर्याप्त बीमा सुरक्षा से आपदा के बाद संपत्ति के नुकसान की भरपाई, आजीविका की बहाली और व्यावसायिक गतिविधियों को दोबारा शुरू करने में मदद मिल सकती है।

<><><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से 16 से 20 अक्टूबर तक कार निकोबार के विभिन्न गांवों में पारंपरिक जनजातीय पशु चिकित्सा पद्धतियों पर कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के तहत निकोबारी जनजातीय उपचारकों को पारंपरिक औषधीय तेलों से वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित मरहम तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें घाव, सूजन और सांप के काटने जैसी समस्याओं के उपचार में उपयोगी वनस्पतियों तथा औषधियों के संरक्षण की जानकारी भी दी गई। डॉ. टी. सुजाता के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में 11 गांवों के लगभग 200 जनजातीय पारंपरिक उपचारकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

उत्तर एवं मध्य अंडमान के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिगलीपुर और कालिघाट के 10 एन सी सी कैडेट्स ने 17 अक्टूबर को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित जागरूकता रैली में भाग लिया। ग्राम पंचायत शिबपुर और केरलापुरम में आयोजित इस रैली का उद्देश्य तपेदिक (टीबी) के प्रति जागरूकता फैलाना, बीमारी की शीघ्र पहचान को प्रोत्साहित करना तथा इसके उन्मूलन में सामुदायिक भागीदारी बढ़ाना था। रैली का आयोजन ग्राम पंचायत शिबपुर एवं ग्राम पंचायत केरलापुरम ने श्री विजयपुरम के जंगलीघाट स्थित (अंडमान एवं निकोबार) इंडिपेंडेंट इन्फैंट्री कंपनी एन सी सी के कमांडिंग ऑफिसर के समन्वय से किया गया।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र श्री विजयपुरम की ओर से आवासीय खेल योजना के तहत कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग के लिए खिलाड़ियों के चयन ट्रायल उत्तर एवं मध्य अंडमान में आयोजित किए जा रहे हैं। ट्रायल कल से 26 अक्टूबर तक विभिन्न स्थानों पर होंगे। कल जीएसएसएस बाराटांग, 23 अक्टूबर को पीएम श्री मॉडल स्कूल मायाबंदर और जीएसएसएस करमाटांग, 24 अक्टूबर को नेताजी स्टेडियम मायाबंदर तथा 26 अक्टूबर को जीएसएसएस किशोरी नगर, डिगलीपुर में ट्रायल होंगे।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह बैडमिंटन संघ की ओर से अंडर–13, अंडर–15 और अंडर–17 बालक एवं बालिका वर्ग के राज्य स्तरीय चयन ट्रायल 31 अक्टूबर और 1 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल के माध्यम से एकल, युगल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं के लिए खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाएगा। अंडर–15 और अंडर–17 राष्ट्रीय चैंपियनशिप 30 नवंबर से 5 दिसंबर तक बेंगलुरु में, जबकि अंडर–13 राष्ट्रीय चैंपियनशिप 9 से 12 दिसंबर तक पंजाब में आयोजित होगी। इच्छुक खिलाड़ी 29 अक्टूबर तक गूगल फॉर्म के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9531–916–580 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए फाउंडेशन कोर्स में अतिथि संकाय के एक पद में भर्ती के लिए 26 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार कॉलेज के प्राचार्य के कक्ष में होगा। आवेदन पत्र और साक्षात्कार संबंधी निर्देश कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट tgce.and.nic.in तथा कॉलेज के सूचना पट्ट पर उपलब्ध हैं।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में ब्रॉडकास्ट असिस्टेंट के पैनल तैयार करने की प्रक्रिया 27 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। सभी आवेदकों से निर्धारित तिथि में सुबह 9:30 बजे आकाशवाणी केंद्र में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>